# IIM में कन्वोकेशन आज प्रभा नरसिम्हन होंगी शामिल

सिटी रिपोर्टर | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। कन्वोकेशन कैंपस के शबरी मैदान में सुबह 8.30 बजे से शुरू होगा। आयोजन की मुख्य अतिथि कोलगेट-पामोलिव की एमडी व सीईओ प्रभा नरसिम्हन होंगी। अध्यक्षता बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के चेयरमैन पुनीत डालमिया करेंगे। आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. राम कुमार कांकाणी एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

Dainik Bhaskar, 15 April 2025, P.04 (City Bhaskar)